दिन– मंगलवार

दिनांक– 18 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अन्तर्गत बीस हजार करोड रूपये की सत्रवीं किस्त जारी किया। बिहार के किसान भी हुए लाभान्वित।

02. प्रधानमंत्री श्री मोदी कल राजगीर में नालंदा अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के नवनिर्मित परिसर का उद्घाटन करेंगे।

03. अररिया के सिकटी में बकरा नदी पर बारह करोड़ से अधिक की लागत से निर्मित पुल का एक हिस्सा गिरा।

04. और, पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में। कैमूर में लू के कारण ग्यारह लोगों की हुई मौत।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत करीब नौ करोड छब्बीस लाख लाभार्थी किसानों को बीस हजार करोड रुपये से अधिक की सत्रवीं किस्त जारी की। इस मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि आज दुनिया में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण का सबसे बड़ी योजना बन गई है।

———बाईट———

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आपका विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी है।

———बाईट———

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि नमो ड्रोन दीदी की तर्ज पर कृषि सखी कार्यक्रम शुरू किया गया है।

———बाईट———

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल एक दिवसीय दौरे पर राजगीर आ रहे हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाद देश के किसी प्रधानमंत्री का यह नालंदा का दूसरा दौरा होगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी नालंदा अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के नवनिर्मित परिसर का

उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर वे विश्वविद्यालय के छात्रों को भी संबोधित करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि विश्वविद्यालय परिसर को पर्यावरण अनुकूल तकनीक के आधार पर तैयार किया गया है। एक रिपोर्ट....

———बाईट———

इधर, प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुये तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्री मोदी विश्वविद्यालय परिसर के उद्घाटन से पूर्व प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के अवशेषों का अवलोकन करेंगे।

———————————————————————————

आकाशवाणी से विशेष बातचीत में कृषि विशेषज्ञ डॉक्टर संत कुमार चौधरी ने कहा है कि सरकार की प्राथमिकता कृषि है।

———बाईट———

किसान देश की आर्थिक व्यवस्था में अनाज उत्पादन के लिए जो अथक प्रयास करते है। जिससे हमारी आर्थिक स्थिति सुधरती है। अन्य उत्पादन में जो आत्मनिर्भर बन गए हैं और प्रधानमंत्री जी द्वारा जो छह हजार की राशि सीधे खाते में जाता है। यह स्वागत योग्य है और इसे देख के किसान और ज्यादा प्रोत्साहित हो रहे हैं।

———————————————————————————

अररिया के सिकटी मे बकरा नदी पर निर्मित पूल का एक हिस्सा गिर गया। बारह करोड़ की लागत से इस पूल का निर्माण किया गया था। पूल का तीन पीलर नदी में समा गयें। सिकटी के विधायक विजय मंडल ने आरोप लगाया कि निर्माण कंपनी के मालिक की लापरवाही के कारण पूल टूटा है। श्री मंडल ने इसकी जाँच कराने की मांग की है। इस बीच ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता आशुतोष कुमार ने कहा कि जाँच के बाद संबंधित कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने बताया कि हादसे में जानमाल की कोई क्षति नहीं हुई है।

———————————————————————————

कैमूर जिले में प्रचंड गर्मी व हीटवेव की वजह से बारह घंटे के भीतर ग्यारह लोगों की जान चली गई। डीएम समेत अन्य आला अधिकारियों ने सदर अस्पताल पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। सिविल सर्जन डॉक्टर मीना कुमारी ने बताया कि बताया कि अस्पताल में फिलहाल हीटवेव से पीड़ित चालीस मरीजों का इलाज चल रहा है।

———————————————————————

प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। अधिकांश स्थानों का अधिकतम तापमान चालीस से पैंतालीस डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। यहां का अधिकतम तापमान छियालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

———बाईट———

इधर, भीषण गर्मी और लू के चलते आम जन जीवन प्रभावित हुआ है। दोपहर में सड़कों पर चहल पहल काफी कम हो गयी है। अस्पतालों में लू प्रभावित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आपदा प्रबंधन विभाग ने भीषण गर्मी और लू से बचने को लेकर कई दिशा–निर्देश जारी किये हैं।

———————————————————————

पटना एयरपोर्ट को बम से उडाने की धमकी दी गई है। एयरपोर्ट के निदेशक ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया की दोपहर लगभग एक बजकर दस मिनट पर इमेल के जरिए ये धमकी मिली है। इसके बाद एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और आने–जाने वाले लागों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

———————————————————————

राज्य सरकार नियुक्ति परीक्षाओं में प्रश्न पत्र लीक सहित अन्य अनियमितताओं को रोकने के लिए जल्द ही नया कानून लायेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिया है। कानून का प्रस्ताव आगामी विधानसभा सत्र में लाया

जायेगा। कानून का उद्‌देश्य नियुक्ति के लिए आयोजित परीक्षाओं में पूरी पारदर्शिता बनाये रखना है।

———————————————————————

दो वर्षीय बीएड और शिक्षा शास्त्री पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा पच्चीस जून को आयोजित की जायेगी। परीक्षा पूर्वाह्न ग्यारह बजे से शुरू होकर अपराह्न एक बजे तक चलेगी। नोडल विश्वविद्यालय ने परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिया है।

———————————————————————

बिहार विभूति डॉ अनुग्रह नारायण सिंह की एक सौ सैंतीसवीं जयंती आज समारोह पूर्वक मनायी गई। बिहार विधानमंडल परिसर में आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधानसभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव सहित अन्य गणमान्य लोगों ने उन्हें पुष्पांजलि अपिर्त कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।

———————————————————————

मुंगेर जिले की बरियारपुर थाना पुलिस ने हत्या की नीयत से अपहरण करने के मामलें में दो अपराधियों को पिस्टल के साथ गिरफ़्तार किया है।

———————————————————————

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अन्तर्गत बीस हजार करोड रूपये की सत्रवीं किस्त जारी किया। बिहार के किसान भी हुए लाभान्वित।

02. प्रधानमंत्री श्री मोदी कल राजगीर में नालंदा अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के नवनिर्मित परिसर का उद्‌घाटन करेंगे।

03. अररिया के सिकटी में बकरा नदी पर बारह करोड़ से अधिक की लागत से निर्मित पुल का एक हिस्सा गिरा।

04. और, पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में। कैमूर में लू के कारण ग्यारह लोगों की हुई मौत।

समाप्त